Chapter- 2

वर्ण विचार

STUDY NOTES

- वर्णों को व्यवस्थित समूह को वर्णमाला कहते हैं ।
- हिंदी वर्णमाला में कुल मिलाकर ४४ वर्ण हैं ।
- वर्णमाला को दो भागों में विभाजित किया गया है । क) स्वर, ख) व्यंजन
- जिन वर्णों के उच्चारण के समय हवा बिना किसी रूकावर के बाहर निकलती है उन्हे स्वरवर्ण कहते हैं ।

  उदाहरण – अ, आ, इ, ई - हिंदी भाषा में इनकी संख्या ग्यारह है ।



- मात्राएँ – स्वरों के लिए निर्धारित चिह्न मात्राएँ कहलाते हैं ।
- व्यंजन – जिन वर्णों के उच्चारण में स्वरवर्णों की सहायता ली जाती है । उन्हे व्यंजन वर्ण कहते हैं ।

  इनकी संख्या तैतीस है ।
- दो भिन्न व्यंजनों के मेल से बने व्यंजन संयुक्त व्यंजन कहलाते हैं ।
- दो समान व्यंजनी से मिलकर बने व्यंजन को द्वित व्यंजन कहते हैं ।
- दो अलग – अलग व्यंजनों के मिलने से बने अक्षर संयुक्ताक्षर कहलाते हैं ।
- वर्ण विच्छेद- शब्दों के प्रत्येक वर्ण को अलग करना वर्ण विच्छेद कहलाता है ।

  जैसे- गीत- ग् + ई + त् + अ

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

आइए, अब लिखे

१. शब्दों में उच्चारण के अनुसार अनुस्वार या अनुनासिक चिह्न लगाइए –

क) अदर – अंदर

ख) अगुठा – अंगूठा

ग) बासुरी – बाँसुरी

घ) धुआ – धुआँ

ङ) सब्जिया – सब्जियाँ

च) साप – साँप

छ) पखा – पंखा

ज) रग – रंग

झ) पजा – पंजा

२. चित्र देखकर 'ऑ' के उच्चारण वाले अंग्रेजी शब्द लिखिए –

चॉकलेट	फुटबॉल	हॉकी	डॉक्टर

३. निम्नलिखित कथनों के सामने (✓) अथवा गलत (✘) का चिह्न लगाइए –

क) दीर्घ स्वरों की संख्या पाँच होती है । (✘)

ख) व्यंजनों का उच्चारण स्वतंत्र रूप से होता है । (✘)

ग) अं, अ: तथा ऑ पंचम वर्ण कहलाते हैं । (✘)

घ) अनुनासिक का चिह्न ‘ँ‘ होता है । (✓)

ङ) मात्राओं का प्रयोग व्यंजनों के साथ होता है । (✓)

४. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण - विच्छेद कीजिए –

क) राष्ट्र - र + आ + ष् + ट् + र् + अ

ख) अक्षय – अ + क् + ष् + अ + य + अ

ग) श्रुतलेख – श् + र् + उ + त् + अ + ल् ए ख् उ

घ) पर्वत – प् + अ + व् + र् + अ + त् + अ

ङ) कृषक – क + ऋ + ष् + अ + क् + अ

५. संयुक्त और द्वित्व व्यंजन वाले शब्द छाँटकर अलग-अलग स्थान पर लिखिए –

सज्जन कक्ष श्रेय अन्न लट्टू सत्रह संज्ञा छप्पर

संयुक्त व्यंजन – कक्ष श्रेय सत्रह संज्ञा

द्वित्व व्यंजन - सज्जन अन्न लट्टू छप्पर

***

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow